दिनांक: 14-04-2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा 02 शातिर शराब तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 90 लीटर कच्ची शराब बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शराब के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बडगाँव संजीव शर्मा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13.04.2024 को थाना बडगांव पुलिस द्वारा 02 शातरि शराब तस्कर **अभियुक्त 01.संदीप पुत्र करन निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बडगांव जनपद सहारनपुर 02.मोनू पुत्र रामपाल निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बडगांव जनपद सहारनपुर** को के साथ गिरफ्तार किया गया है | जिनके कब्जे से 90 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना बडगांव पर मु०अ०स० 84/24 धारा 60(1) आबकारी अधि पंजीकृत किया गया | अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा एक स्वर में बताया कि हम दोनो कम पढे लिखे हैं व नशा करने के आदि हैं। देशी शराब सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –

1. संदीप पुत्र करन निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
2. मोनू पुत्र रामपाल निवासी ग्राम चन्दपुर मजबता थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

### बरामदगी का विवरण-

- 90 लीटर कच्ची शराब बरामद

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम-

1. उ०नि० भारत सिंह थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
2. उ०नि० बनवारी लाल सिंह थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
3. है0का0 16 सोनू कुमार थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।
4. का0 2378 सन्नी थाना बडगांव जनपद सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक:14.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गागलहेडी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तंमचा / 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्रों के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एंव क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सन्दीप कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 14.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त **भुल्लर पुत्र तालिब निवासी चाँदपुर PS गागलहेडी जनपद सहारनपुर** को ग्राम चाँदपुर छपरेडी चौराहा थाना गागलहेडी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 तमंचा / 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना गागलहेडी पर मु0अ0सं0 63/2024 धारा 3/25 आमर्स एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मै कम पढा लिखा हूँ। जो अस्लाह पुलिस टीम द्वारा मुझसे बरामद किया गया है उसे मैं अपने पास रोब गालिब करने के लिये रखता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

भुल्लर पुत्र तालिब R/O ग्राम चाँदपुर PS गागलहेडी जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 063/2024 धारा 3/25 आमर्स एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर
2. मु0अ0स0 372/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर
3. मु0अ0स0 188/2022 धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर
4. मु0अ0स0 189/2022 धारा 307 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर
5. मु0अ0सं0 276/2022 धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर
6. मु0अ0स0 35/2022 धारा 3 यूपी गुण्डा अधि0 थाना गागलहेडी सहारनपुर
7. मु0अ0स0 189/2022 धारा 307 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर
8. मु0अ0सं0 128/2020 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना गागलहेडी सहारनपुर
9. मु0अ0स0 418/2019 धारा 5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना गागलहेडी सहारनपुर
10. मु0अ0स0 45/2015 धारा 3 यूपी गुण्डा अधि0 थाना गागलहेडी सहारनपुर
11. मु0अ0स0 197/2014 धारा 308/323/504 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर
12. मु0अ0स0 191/2014 धारा 147/148/149/323/324/325/452/307 भादवि थाना गागलहेडी सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण –**

- 01 तमंचा / 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. थानाध्यक्ष श्री सन्दीप कुमार थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।
2. उ0नि0 विकास सिंघल थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।
3. है0का0 641 रवि थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।
4. का0 1345 सुशान्त कपिल थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर।

दिनांक:14.04.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट, सहारनपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के 01 वान्छित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है दिनाँक 13.04.2024 को वादी श्री आजाद पुत्र मुर्तजा निवासी मौ0 झाबरी कस्बा अम्बहेटा पीर थाना नकुड जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त गण द्वारा वादी की बहन रेशमा को दहेज के लिए प्रताडित करना व दहेज की मांग पूरी न होने पर वादी की बहन रेशमा की हत्या कर देने के सम्बन्ध मे थाना बेहट पर मु0अ0सं0 130/24 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 दहेज अधि0 बनाम 1. लियाकत पुत्र लतीफ नि0 ताजपुरा थाना बेहट स0पुर 2. रफीक अहमद पुत्र लतीफ निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट स0पुर 3.इमराना पत्नी रफीक अहमद निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जिला सहारनपुर पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये, जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश शर्मा थाना बेहट के कुशल नेतृत्व में थाना बेहट पुलिस द्वारा दिनाँक 13.04.2024 को मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त **लियाकत पुत्र लतीफ निवासी ताजपुरा थाना बेहट सहारनपुर** को ताजपुरा अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

लियाकत पुत्र लतीफ निवासी ग्राम ताजपुरा थाना बेहट जिला सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश शर्मा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर

2. उ0नि0 श्री बलराम सिंह थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर

3.का0 2036 हर्ष तोमर थाना कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर

4. का0 816 राहुल खोखर थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः 14.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी, पुलिस द्वारा दहेज हत्या के 01 वान्छित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली मण्डी पर पंजीकृत मु0अ0स0 117/2024 धारा 498ए/304बी/323/506/34 भादवि0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त **शाकिर पुत्र रियासत उर्फ रासा निवासी मौ0 पीर वाली गली न0 14 के सामने मैन रोड थाना मण्डी सहारनपुर** को गोटेशाह चुँगी से मण्डी समिति रोड की तरफ करीब 100 कदम की दूरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

शाकिर पुत्र रियासत उर्फ रासा निवासी मौ0 पीर वाली गली न0 14 के सामने मैन रोड थाना मण्डी स0पुर

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –**

1.मु0अ0स0 117/2024 धारा 498ए/304बी/323/506/34 भादवि0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना मण्डी जनपद सहारनपुर।

2. मु0अ0स0 169/2015 धारा 363/506 भादवि0 थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिहं थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
2. उपनि0 प्रमोद कुमार थाना कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर
3. है0 का0 663 बालेंद्र कुमार कोतवाली मण्डी जनपद सहारनपुर

दिनांकः14.04.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा चोरी की घटना का मात्र 05 घण्टे में सफल अनावरण करते हुए 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गई वाशिंग मशीन बरामद।

अवगत कराना है दिनाँक 14.04.2024 को वादी श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री रामशंकर निवासी मौ0 शिवा जी नगर नियर आई फेट स्कूल थाना कन्नोज सदर जनपद कन्नोज वर्तमान निवासी तहसील बेहट की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के मकान से वाशिंग मशीन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 131/24 धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए, जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश शर्मा थाना बेहट के कुशल नेतृत्व में उक्त घटना का मात्र 05 घण्टे मे सफल अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 14.04.2024 अभियुक्त **दानिश पुत्र फिरोज निवासी मौ0 कस्सावान कस्बा व थाना बेहट सहारनपुर** को आनन्दबाग कस्बा बेहट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी वाशिंग मशीन बरामद हुई। बरामदी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मै पढा लिखा नही हूँ तथा नशा करने का आदी हूँ जिस कारण मै आस पास चोरी करके चोरी का सामान बेचकर जो पैसे मिलते है उससे अपने नशे की लत को पूरा करता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

दानिश पुत्र फिरोज निवासी मौ0 कस्सावान कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 वाशिंग मशीन VOLTAS beko रंग WHITE & महरून जिसका S. N. (1200244A23H007457)

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 101/22 धारा 457/380/411 भादवि थाना बेहट
2. मु0अ0सं0 124/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बेहट
3. मु0अ0सं0 414/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बेहट

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नामः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री योगेश शर्मा थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री इलियास अली थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर
3. है0का0 174 अजयवीर सिंह थाना कोतवाली बेहट जिला सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक:14.04.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली देहात पुलिस एवं PCPNDT की संयुक्त टीम द्वारा फर्जी तरीके से बिना लाईसेंस अल्ट्रासाउण्ड व लिंग परीक्षण करने वाले 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बरामदगीः-**

- **01 आईपैड एप्पल कम्पनी**
- **01 स्कैनर**
- **01 डिब्बी अल्ट्रासाउण्ड जैल**
- **04 मोबाईल फोन**
- **01 सैन्ट्रो कार**
- **76,800/- रू नकद**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण मे तथा श्री सतेन्द्र प्रकाश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम व PCPNDT की संयुक्त टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति ग्राम बालपुर मे अनुज के मकान में अवैध रूप से गर्भवती महिलाओं का गर्भ परीक्षण कर गर्भ में लडका/लडकी होने का निर्धारण करते है सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा **1. मनोज पुत्र रतन सिंह नि0 हल्लु माजरा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड 2. रवि सैनी पुत्र भरत सिंह सैनी नि0 वजीरपुर थाना गंगोह सहारनपुर 3. जगननाथ पुत्र कलम सिंह नि0 खेरसाल थाना गंगोह सहारनपुर व 4. अनंनगपाल पुत्र स्व0 यशपाल नि0 ग्राम ततारपुर कला थाना गंगोह सहारनपुर** को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से 01 आईपैड रंग सिल्वर जिस पर काले रंग का कवर एप्पल कम्पनी मॉडल नo MK2L3HN/A, SIREAL NO. F79PVCWQG9, 01 स्केनर रग सफेद SN WSPCCGC035 व 01 सफेद प्लास्टिक की डिब्बी अल्ट्रासाउड जैल व 02 मोबाईल फोन सैमसंग कीपैड वाले, 01 मोबाईल फोन रियलमी, 01 मोबाईल फोन लावा कम्पनी, व 76800/- रूपये नगद व 01 सैन्ट्रो कार रंग सफेद न0 HR60B 6158 बरामद किया गया। डिप्टी सीएमओ डा0 कुनाल जैन मय डा0 गजेन्द्र (रेडियोलॉजिस्ट), श्रीमति आशा (डाटा ऑपरेटर) टीम के सहयोग से उपरोक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 163/24 धारा 420/120बी भादवि व 23 प्री-नेटल डाईग्नॉस्टीक टेक्नीक्स (रेग्युलेशन एण्ड प्रीवे. ऑफ मीसयुज) एक्ट 1994 बनाम मनोज आदि 04 के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त रवि उपरोक्त ने बताया कि मै अवैध रूप से अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण करने का कार्य करता हूँ तथा यह मेरे साथी मनोज व जगन्नाथ गर्भवती महिलाओं को जो भ्रूण/ लिंग परीक्षण कराना चहाती

है उसकी जानकारी हमे देता है इस पूरे अपराधिक षडयन्त्र मे हम चारों व्यक्ति साथ रहते है तथा एक भ्रूण  जाँच के 8-10 हजार रूपये लेते है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –</u>**

1. मनोज पुत्र रतन सिंह नि0 हल्लु माजरा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड
2. रवि सैनी पुत्र भरत सिंह सैनी नि0 वजीरपुर थाना गंगोह स0पुर
3. जगननाथ पुत्र कलम सिंह नि0 खेरसाल थाना गंगोह स0पुर
4. अनंनगपाल पुत्र स्व0 यशपाल नि0 ग्राम ततारपुर कला थाना गंगोह स0पुर

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

- 01 आईपैड रंग सिल्वर जिस पर काले रंग का कवर एप्पल कम्पनी
- 01 स्केनर
- 01 प्लास्टिक की डिब्बी अल्ट्रासाउड जैल
- 04 मोबाईल फोन
- 76800/- रूपये नगद
- 01 सैन्ट्रो कार रंग सफेद न0 HR60B 6158

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–</u>**

1. प्र0नि0 सत्येन्द्र प्रकाश सिंह थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
2. श्री सुनील कुमार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
3. उ0नि0 अन्नू परिहार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
4. है0का0 1035 सचिन थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
5. है0का0 241 कपिल थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
6. का0 1053 अनिरूद्ध  कुमार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर
7. का0 152 गौरव त्यागी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर

**<u>PCPNDT टीम का नामः-</u>**

1. डा0 कुनाल जैन (डिप्टी सीएमओ)
2. डा0 गजेन्द्र (रेडियोलॉजिस्ट)
3. श्रीमति आशा (डाटा ऑपरेटर)